

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

'सन ऑफ सरदार-2' से नहीं निकाले गए संजय दत्त

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 133 ■ गुरुवार, 8 अगस्त 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर के अनधिकृत निर्माण होंगे नियमित !

■ उल्हासनगर-4 में मार्गदर्शन शिविर का आयोजन





**उल्हासनगर.** शहर में अनधिकृत निर्माणों को नियमित करने और इन मुद्दों को हल करने के लिए उल्हासनगर-4 में एक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर का उद्घाटन विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अनधिकृत निर्माणों को नियमित करने का प्रयास किया जाएगा और सरकार भी इसके लिए सकारात्मक है.

विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने अपने भाषण में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे द्वारा ऐतिहासिक फैसला लेने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया. इस निर्णय से भूमि अधिभोग शुल्क 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। उल्हासनगर मनपा आयुक्त डॉ. अजीज शेख को उनके विशेष प्रयासों के लिए सम्मानित भी किया गया. डॉ. किणीकर ने आश्वासन दिया कि निर्माण के नियमितीकरण और भूमि का अधिभोग मूल्य उपविभागीय अधिकारी के पास जमा होने के बाद, शहर सर्वेक्षण विभाग इसकी गणना करेगा और संपत्ति पत्रक में दर्ज करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का फैसला अगले हफ्ते लिया जाएगा.

नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि नियमितीकरण से संबंधित आवश्यक बातें पूरी की जा रही हैं और भविष्य में भी की जाएंगी। पूर्व महापौर राजेंद्र चौधरी ने शहरवासियों से जल्द से जल्द अपने मकानों को नियमितीकरण के दायरे में लाने की अपील की. डॉ. ललित खोब्रागड़े, (सहायक निदेशक शहरी नियोजन, उल्हासनगर मनपा) ने सरकारी निर्णयों पर प्रकाश डाला और नागरिकों को मार्गदर्शन दिया कि वे कैसे कम से कम परेशानी के साथ अपने घरों को नियमितीकरण के तहत ला सकते हैं। उन्होंने नियमितीकरण के दौरान आने वाली कठिनाइयों और तकनीकी मुद्दों पर नागरिकों से बातचीत की और उनकी शंकाओं का समाधान किया।

बारिश होने पर भी नागरिकों से हॉल खचाखच भरा था। शिविर में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर ससाने, पूर्व शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, सुरेश जाधव, प्रमोद टाले, ज्योति माने, वास्तुकार अतुल देशमुख, राजेंद्र सावंत, विशाल म्हस्के, कमलेश सुतार, यूएमपीए अधिकारी पीयूष घरत, किरण घुगे, गणेश देवरे आदि उपस्थित थे।

डांस बार संचालकों का आरोप

# 'लाखों' नहीं देने पर हो रही कार्रवाई!




■ दोबारा बनाए जाने पर हो रही बारों पर कार्रवाई

**उल्हासनगर.** श्रीराम चौक स्थित डांस बारों के बाजार में दो डांस बार एंजेल व एप्पल तथा वर्षा डांस बार के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद उल्हासनगर महानगरपालिका ने आज चांदनी डांस बार के खिलाफ भी कार्रवाई की। हालांकि, ध्वस्त किए गए क्षेत्र में फिर से गुपचुप तरीके से निर्माण शुरू होने की जानकारी मिलने के बाद मनपा ने चांदनी डांस बार पर दोबारा कार्रवाई की है. इस कार्रवाई से बार संचालक बेहद आक्रोशित हैं.

डांस बार मालिक ने महानगरपालिका अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, होटल चालू रखने के लिए 5 से 10 लाख रुपये की मांग की जाती है. पैसे नहीं देने पर होटल पर कार्रवाई की धमकी दी जाती है. ये आरोप उल्हासनगर मनपा की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं. डांस बार संचालकों की मांग है कि प्रशासन इन आरोपों की जांच कराए और पारदर्शिता बनाए रखे. मनपा की इस कार्रवाई से शहर के डांस बार मालिकों में डर का माहौल है और प्रशासन का अगला कदम क्या होगा, इस पर सभी की नजर है.

**डांस बार मालक व चालकों में रोष**

उल्हासनगर मनपा की इस कार्रवाई के बाद चांदनी डांस बार के संचालक ने गंभीर आरोप लगाए हैं और कहा है कि हमारे सभी दस्तावेज सही हैं. हमने उन्हें मनपा में जमा भी कर दिया है। हमने अदालत से भी न्याय मांगा है। फिर भी, हमारे होटल के खिलाफ कार्रवाई क्यों की जा रही है? अन्य होटलों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? उन्होंने ऐसा सवाल उठाया है.

# कार चालक ने एक्टिवा को उड़ाया, 2 घायल




■ घटना हीराघाट पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद
■ चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग
■ भाग रहे एक्टिवा चालक को रौंदने का प्रयास

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप 3 हीरा घाट स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर मंगलवार रात 3 बजे के करीब एक हिट एंड रन की घटना घटी है। रोहन शिंदे श्रीराम चौक के पास पेट्रोल भराने जा रहे थे तभी एक कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। रोहन ने पेट्रोल पंप पर कार चालक को जवाब पूछने के लिए रोका। उसी दौरान उनके बीच कहा-सुनी हो गयी. बहस के दौरान कार चालक ने रोहन की एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रोहन की एक्टिवा गिर गई. इसके बाद ड्राइवर ने रोहन के ऊपर कार चढ़ा दी और उसे मारने की कोशिश भी की। यह पूरी घटना हिरा घाट पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. रोहन ने यह भी आरोप लगाया कि ड्राइवर ने उसे श्रीराम चौक पर रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया। हैरानी की बात है कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में केस दर्ज नहीं किया है. रोहन ने कहा उसके साथ उसका दोस्त भी था जो घायल हुआ है। इस अज्ञात कार और उसके चालक को ढूंढकर गिरफ्तार करने की मांग रोहन ने की है।

## उल्हासनगर स्थापना दिवस पर आरोग्य शिविर का आयोजन

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा उल्हासनगर शहर के स्थापना दिवस पर आज 8 अगस्त को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक सभी नागरिकों के लिए आरोग्य शिविर का आयोजन विराट अंबे स्पोटर्स क्लब में आयोजित किया गया है। इस शिविर में जनरल जांच के साथ, आंख, दांत, मधुमेह, बीपी, ईसीजी, डीबी आदि जांच की जाएगी। इस शिविर का लाभ लेने की अपील वैद्यकीय अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा व जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने की है।

# अंबरनाथ के हेरंब मंदिर में बड़ी चोरी

■ 4 दानपेटी तोड़ी
■ 3 किलो चांदी, मोबाइल, कम्प्यूटर चोरी
■ डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया

यूसुफ शेख




अंबरनाथ. अंबरनाथ पूर्व के खेर सेक्शन स्थित हेरंब गणपति मंदिर में बुधवार रात में चोरों ने 4 दान पेटी की रकम, 3 किलो चांदी के आभूषण, आफिस का मोबाइल, कम्प्यूटर, डीवीआर का टीवी आदि चोरी कर लिया. मंदिर के ट्रस्टी ने शिवाजी नगर पुलिस में चोरी की शिकायत करने के बाद पुलिस हरकत में आ गई. चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम बनाई गई है, जो आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. पुलिस के अनुसार रात 2.30 बजे से 3 बजे के बीच ये चोरी हुई है. सीसीटीवी में देखा गया है कि दो चोर जिन्होंने मुंह पर नकाब डाला हुआ है, मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करने के बाद सीसीटीवी का वायर तोड़ देते हैं. इसके बाद मंदिर में रखे चार दानपेटियों को तोड़कर रकम चोरी कर लिए. गाभारे में रखे लॉकर को तोड़कर उसमें मंदिर के रखे 3 किलो चांदी, आफिस में रखा मोबाइल, कम्प्यूटर, डीवीआर का टीवी, कम्प्यूटर का टीवी चोरी करके ले गए हैं. मंदिर के ट्रस्टी अभय सोमन ने ऐसी जानकारी दी है. मंदिर को रात में बंद करके पुजारी जब सुबह में मंदिर में आए तो उन्हें चोरी होने का पता चला. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत ने बताया कि डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है. रेकी करके ये चोरी की गई है, ऐसा अंदाज है. पुलिस की जांच के कारण मंदिर को बंद कर दिया गया है. सीसीटीवी में ये साफ दिखाई दे रहा है कि दो चोरों ने चोरी की है. हेरंब गणपति मंदिर में हुई चोरी को लेकर भक्तों में पुलिस को लेकर नाराजगी देखी जा रही है.

# सुखरामानी द्वारा उल्हासनगर स्थापना दिवस पर विभिन्न कैम्प का आयोजन



**उल्हासनगर।** भाजपा नेता महेश सुखरामानी द्वारा अपने पैनल नंबर 6 में उल्हासनगर शहर के आज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों के लिए विभिन्न तरह के कैम्प का आयोजन किया गया है।

श्री सुखरामानी ने बताया कि 7 से 10 अगस्त तक इस कैम्प का आयोजन किया गया है, जहां शहरहवासी आधार कार्ड अपडेट, जीरो बैलेंस पोस्ट अकाउंट, सीनियर सिटीजन, सुकन्या समृद्धि जैसे जरुरी कार्यों का लाभ उठा सकते हैं।

कैम्प में आने से पूर्व 9822144213 इस नंबर पर संपर्क करें और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी लेकर महेश सुखरामानी के कार्यालय में आए। ऐसी जानकारी दी गई है।

## मनपा द्वारा दिव्यांगों को छाते का वितरण

उल्हासनगर. महानगर पालिका विकलांग विभाग की ओर से उपायुक्त सुभाष जाधव ने सपना गार्डन में विकलांगों को छाते वितरित किए। निःशक्तता विभाग के प्रमुख राजेश घनघाव ने गत जुलाई से निःशक्तों के मानधन में बढ़ोतरी की जानकारी दी. आयुक्त अजीज शेख, अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में निःशक्तजन विभाग की कल्याण योजना के तहत सपना गार्डन, सिंधु भवन में दिव्यांगों को छाते वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. दिव्यांगजन विभाग के उपायुक्त सुभाष जाधव और दिव्यांगजन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिव्यांगों को छाते का वितरण किया।

# टीबी रोगियों को पोषण आहार का वितरण



**उल्हासनगर.** तपेदिक रोगियों को उपचार अवधि के दौरान पौष्टिक भोजन मिले यह सुनिश्चित करने के लिए महानगर पालिका ने निक्षय मित्र का पंजीकरण शुरू किया है। निक्षय मित्र क्षय रोगियों को गोद लेंगे और उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएंगे। कमिश्नर अजीज शेख ने सोमवार को मरीजों को पौष्टिक भोजन वितरित किया।

उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख के मार्गदर्शन में क्षय रोग मुक्त भारत मिशन के तहत निक्षय मित्र का पंजीकरण शुरू किया गया। रोटरी क्लब, सामाजिक संगठन, परोपकारी, उद्यमी आदि निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत हैं। पंजीकृत निक्षय मित्र टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित राशि में पौष्टिक आहार दे रहे हैं। निक्षय मित्र ने आयुक्त शेख के हाथों गोद लिए मरीजों को पोषण किट वितरित किए।

# लाडली बहनों के 9872 आवेदन त्रुटियों के कारण खारिज



**कल्याण.** 'मुख्यमंत्री-माझी लाड़की बहिन' योजना के तहत कल्याण तालुका में अब तक 1 लाख 6 हजार 42 आवेदन प्राप्त हुए हैं. हालांकि, इनमें से 9872 आवेदन दस्तावेजों में त्रुटियों के कारण जांच के बाद आंशिक रूप से खारिज कर दिए गए हैं। इसके बावजूद केडीएमसी की ओर से स्पष्ट किया गया है कि आवेदकों से जानकारी लेकर त्रुटियां दूर की जाएंगी। मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निर्देशानुसार महिला एवं बाल कल्याण विभाग की उपायुक्त स्वाति देशपांडे-कुलकर्णी के मार्गदर्शन में मनपा स्तर पर 'मुख्यमंत्री-माझी लाड़की बहिन' योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए कार्यालय अवकाश के दिन भी मुख्यालय एवं 10 वार्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन की जांच तेजी से चल रही है. इस कार्य के लिए सहायक आयुक्त की देखरेख में तीन सत्रों सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे और रात 10 बजे से शाम 6 बजे तक योजना के आवेदन को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है. इसके लिए आंगनवाडी मुख्य सेवकों की भी मदद ली जा रही है। अपर आयुक्त हर्षल गायकवाड ने स्वयं मुख्यालय स्थित विभागों का दौरा कर कार्यों की समीक्षा की. कल्याण तालुका में अब तक 1 लाख 6 हजार 42 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 52 हजार 95 आवेदनों की जांच की गई है। इनमें से 42 हजार 116 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं तथा 9872 आवेदन दस्तावेजों में त्रुटियों के कारण आंशिक रूप से अस्वीकृत कर दिये गये हैं।

**मनपा जानकारी लेकर दूर करेगी त्रुटियां**

महानगर पालिका की ओर से कहा गया कि संबंधित आवेदकों से जानकारी लेकर इस आवेदन में त्रुटियों को सुधारा जाएगा और उसके बाद इन आवेदनों को अंतिम रूप दिया जाएगा. आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने मनपा क्षेत्र की पात्र महिला लाभार्थियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है.

# कल्याण स्टेशन पर टिकट क्लर्क द्वारा महिला यात्री की पिटाई

■ टिकट के छुट्टे पैसे को लेकर विवाद
■ महिला यात्री के साथ मारपीट का वीडियो वायरल



**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर सात पर स्काईवॉक पर मौजूद रेलवे टिकट खिड़की पर एक महिला रेल यात्री और टिकट काउंटर पर मौजूद महिला क्लर्क के बीच छुट्टे पैसे को लेकर विवाद हो गया. महिला यात्री के पास छुट्टे पैसे नहीं थे और महिला क्लर्क छुट्टे पैसे देने पर अड़ गई थी. इसके बाद महिला रेलवे क्लर्क ने महिला यात्री को अपने कमरे में बुलाया और उसके साथ बहस की और उसे बुरी तरह पीटा. इसके बाद गश्ती दल पर तैनात रेलवे पुलिस वहां आ गयी. उन्होंने मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाने की कोशिश की. सोशल मीडिया पर एक महिला रेलवे टिकट क्लर्क द्वारा एक महिला यात्री के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो गया है.

सोमवार की सुबह एक महिला यात्री प्लेटफार्म नंबर सात पर स्काईवॉक पर टिकट खिड़की पर टिकट खरीद रही थी। चूंकि पास में छुट्टे पैसे नहीं थे, इसलिए उसने अपने पास मौजूद पैसों से टिकट का भुगतान करने की मांग की। रेलवे महिला टिकट क्लर्क ने साफ कर दिया कि जब तक छुट्टा नहीं दिया जाएगा, टिकट नहीं दिया जाएगा। महिला यात्री मिन्नतें करती रही क्योंकि उसे लोकल पकड़ने की जल्दी थी, लेकिन टिकट क्लर्क सुनने को तैयार नहीं था। महिला यात्री इस बात से नाराज थी कि पैसे देने के बाद भी महिला क्लर्क उसकी बात नहीं सुन रही थी, इसलिए उसने महिला रेलवे क्लर्क का वीडियो बनाकर रेलवे वरिष्ठों को भेजने की तैयारी की। इस सीन को फिल्माने से बचने के लिए महिला क्लर्क ने यात्री को अंदर ही रोक दिया. उसने खुद का वीडियो बनाया तो रेलवे स्टेशन की महिला यात्री नाराज हो गई। उसने महिला यात्री को अपने टिकट कक्ष में आमंत्रित किया। वहां उसे बेरहमी से पीटा गया.

इस पिटाई के बाद महिला यात्री और भी गुस्से में आ गई. उन्होंने रेलवे महिला टिकट क्लर्क के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए वहां मोर्चा संभाल लिया। वहां रेलवे पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया. इसके बाद महिला यात्री टिकट लेकर चली गयी. यात्रियों की शिकायतें हैं कि रेलवे टिकट खिड़की पर ज्यादातर महिला टिकट क्लर्क टिकट लेते समय यात्रियों के पास छुट्टे पैसे नहीं होने पर बहुत परेशान करती हैं। यात्रियों की मांग है कि रेलवे के वरिष्ठ इस प्रकार का संज्ञान लें. रेलवे यात्री संगठनों ने रेलवे महिला कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.



जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## कोचिंग केंद्रों की मनमानी

कोचिंग केंद्रों की पारस्परिक स्पर्धा, भ्रामक विज्ञापनों, अनावश्यक जांच परीक्षाओं, मनमानी फीस वसूली, कक्षाओं में जरूरी सुविधाओं का ध्यान न रखने आदि को लेकर काफी समय से सवाल उठते रहे हैं। मगर जबसे दिल्ली के एक कोचिंग केंद्र के तलघर में चल रहे पुस्तकालय में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत का मामला सामने आया है, कोचिंग केंद्रों पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया और इस संबंध में कड़ी टिप्पणियां की हैं। अदालत ने कहा है कि कोचिंग केंद्र मौत का कुआं बन चुके हैं। ये अभ्यर्थियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तक इनमें भवन सुरक्षा संबंधी नियमों का समुचित पालन नहीं होता, तब तक इन्हें अपनी कक्षाएं आनलाइन चलानी पड़ेंगी। अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को भी नोटिस जारी कर पूछा है कि इस संबंध में उन्होंने क्या उपाय किए हैं। कोचिंग केंद्रों में मनमानी केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। कोटा के कोचिंग केंद्रों पर भी लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। वहां छात्रों की खुदकुशी को लेकर लगातार विरोध के स्वर उभरते रहे हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार ने कुछ नियम-कायदे जरूर जारी किए, मगर उसमें विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कोई भरोसेमंद उपाय नजर नहीं आता। दिल्ली मामले के बाद जब तलघर में कक्षाएं, पुस्तकालय आदि चलाने को लेकर सवाल उठने शुरू हुए तो नगर निगम और पुलिस ने ऐसे कोचिंग केंद्रों पर तालाबंदी जरूर कर दी, मगर कोचिंग केंद्रों की दलील थी कि तलघर के उपयोग को लेकर दिल्ली में कोई स्पष्ट नियम नहीं है। जो नियम हैं, उनमें काफी विरोधाभास है।

हर घटना के बाद इस तरह के तर्क और दलीलें दी ही जाती हैं, मगर यह स्पष्ट है कि न केवल कोचिंग केंद्रों, बल्कि सरकार और संबंधित महकमों को विद्यार्थियों की जिंदगी की कोई परवाह नहीं है। यह स्पष्ट है कि कोचिंग केंद्र एक समांतर शिक्षा व्यवस्था चला रहे हैं, जिसके लिए कोई स्पष्ट कानून और नियम-कायदे अभी तक नहीं बने हैं। जब तक इसके लिए कोई नियामक व्यवस्था नहीं बनेगी, तब तक विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कोई भरोसा नहीं पैदा हो सकता।

# बांग्लादेश अब कट्टरपंथियों के हवाले

इसी महीने 15 अगस्त को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान और उनके बीस करीबी रिश्तेदारों की हत्या की 49वीं वर्षगांठ है। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग ने उस दिन 'राष्ट्रीय शोक दिवस' मनाना तय किया था। लेकिन बाद में 'सूचित' किया गया कि वह 'कार्यक्रम अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया' है। ढाका में अचानक हुए सियासी बदलाव को बताने के लिए इससे ज्यादा मार्मिक और कुछ नहीं हो सकता।

हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश के संस्थापक मुजीब की बेटी शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाना, 1971 में मुक्ति युद्ध से जन्मे बांग्लादेश और पूरी दुनिया के लिए सबसे नया सियासी घटनाक्रम है। 53 वर्ष पहले मुजीब के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना के खिलाफ जो आंदोलन शुरू हुआ था, उसकी परिणति एक और सैन्य तख्तापलट के रूप में हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा उस सैन्य जनरल ने किया है, जो शेख हसीना का दूर का रिश्तेदार है, और जिस पर वह भरोसा करती थीं। 15 वर्षों तक सैन्य शासन के बाद, जिसे शेख हसीना ने आर्थिक प्रगति और राजनीतिक स्थिरता से रोका था, बांग्लादेश अब फिर सेना के अधीन है।

पिछले सैन्य तख्तापलट की तरह सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने अंतरिम सरकार का वादा किया है, लेकिन इस बात का जिक्र नहीं किया है कि इसमें उनकी या सेना की कोई भूमिका होगी या नहीं। मगर इसमें जरा भी संदेह नहीं होना चाहिए कि फैसले कौन लेगा। उन्होंने 'न्याय' का भी वादा किया है। सबसे पहले रिहा होने वालों में शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेगम खालिदा जिया भी हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी ठहराया गया है। पिछली सदी के अंत में खालिदा जिया और उनके इस्लामी सहयोगी पश्चिमी लोकतंत्रों के लिए भी चिंता का कारण बन गए थे, जब बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। ये ताकतें भारत विरोधी हैं। बांग्लादेश में जो हुआ है, वह भारत के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। क्या बांग्लादेश फिर से आतंकवादियों का प्रमुख केंद्र बन जाएगा? शेख हसीना ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को सुरक्षित बनाने में भारी योगदान दिया।



बांग्लादेश की धरती से संचालित होने वाले आतंकी शिविरों को उखाड़ फेंका गया। भारत को अब फिर से बांग्लादेश द्वारा कबायली चरमपंथ को बढ़ावा दिए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अब नगा, उल्फा एवं अन्य चरमपंथी गुटों के साथ केंद्र सरकार के शांति समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि ढाका के उथल-पुथल में खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अलावा सामाजिक रूप से ताकतवर इस्लामी संगठनों के साथ पाकिस्तान-समर्थक जमात-ए-इस्लामी की संलिप्तता है, जिसे हसीना प्रतिबंधित करना चाहती थीं, लेकिन नहीं कर पाईं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कबायली आबादी के अलावा बढ़ते व्यवसायी वर्ग एवं मदरसों के माध्यम से इस उथल-पुथल को हवा दी। पाकिस्तान में 'मुजीब युग' के अंत पर खुशियां मनाई जा रही हैं। भारत पर अपने पूर्व और पूर्वोत्तर सीमा पर निगरानी बढ़ाने का दबाव कई गुना बढ़ गया है।

भारत को कूटनीतिक विवादों को जन्म दिए बिना हसीना शासन के दौरान दी गई सभी आर्थिक मदद, व्यापार रियायतों और परियोजनाओं को संरक्षित करना होगा। पाकिस्तान की तरह चीन भी ढाका में हुए बदलाव पर खुश है। बीजिंग इस बात से नाराज था कि हसीना ने भारत से ऐसी परियोजनाएं हासिल कीं, जिन्हें वह दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव फैलाने के लिए चाहता है।

रिपोर्ट बताती हैं कि हसीना को चीनी नेतृत्व ने तवज्जो नहीं दिया था। आर्थिक रिश्तों और सीमा प्रबंधन के अलावा, भारत को भी दो पड़ोसी देशों के लिए ज्यादा मायने रखता है, भारत को गंगा जल संधि पर कूटनीतिक विवाद के लिए तैयार रहना होगा, जिसका नवीनीकरण होना है। अतीत में खालिदा जिया सरकार ने 1990 के दशक में इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र महासभा में उठाया था। एक अन्य विवादास्पद मुद्दा तीस्ता जल बंटवारे और उसके बेसिन के विकास का है, जो उत्तर बंगाल में 23 किलोमीटर लंबे संकरे 'चिकेन नेक' के पास है।





आध्यात्मिक यात्रा के द्वारा आत्मा अपने मौलिक आनंद, प्रेम, और चेतनता को पा लेती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# एक वर्ष से जारी मणिपुर हिंसा

मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के एक वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं और आज भी इसके रुकने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं। थोड़े अंतराल के बाद संबंधित संगठनों के बीच बातचीत या समझौते की कोई खबर आती है और कुछ ही दिनों बाद फिर से हिंसा भड़क जाती है। सवाल है कि इतने समय से सरकार किस दिशा में क्या काम कर रही हैं कि एक छोटे से राज्य में इतने लंबे वक्त से टकराव और हिंसा कायम है। विचित्र हकीकत यह है कि राज्य सरकार आधिकारिक रूप से यह स्वीकार करती है कि हालात अच्छे नहीं हैं, मगर इसमें सुधार के लिए या तो उसे ठोस पहल करना जरूरी नहीं लगता या फिर उसके पास दूरदर्शिता का घोर अभाव है। वरना राज्य सरकार की तमाम एजंसियों, केंद्र सरकार के प्रयासों, सेना की दखल के बावजूद आज भी हिंसा का दौर जारी है, लोग बेघर हो रहे हैं तो इसकी क्या वजह हो सकती है?

विचित्र यह है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को जहां इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि राज्य में लगातार हिंसा को रोक पाने में उनकी सरकार नाकाम रही है, वहां वे राज्य में इस जातीय हिंसा की वजह से हुई तबाही के सिर्फ आंकड़े पेश कर रहे हैं। गौरतलब है कि एक सवाल के जवाब में सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह बताया कि राज्य में हुई हिंसा में अब तक करीब साठ हजार लोग विस्थापित हुए हैं और इस दौरान हुई आगजनी में ग्यारह हजार से ज्यादा घर जल कर खाक हो गए।

यह समझना मुश्किल है कि एक वर्ष से ज्यादा से जारी हिंसा के पीड़ितों का आंकड़ा पेश करते हुए उन्हें इसका



अहसास था या नहीं कि हिंसा को पूरी तरह रोकना उनका दायित्व है। मगर पिछले वर्ष जब एक अदालती निर्देश के तहत मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग का दर्जा देने का मसला उठा तभी जातीय हिंसा शुरू हुई। तब भी उनकी सरकार के पास इसे वहीं थाम लेने की दूरदर्शिता नहीं दिखी और न आज वह कुछ ऐसा ठोस कर पा रही है, जिससे राज्य के आम लोग इस आग से बाहर निकल सकें।

यह जगजाहिर तथ्य है कि मणिपुर में आज कुकी-जो और मैतेई सहित अलग-अलग समुदायों के बीच अविश्वास का स्तर इतना गहरा हो चुका है कि संवाद की गुंजाइश बेहद सिमट या खत्म हो गई है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ ही दिन पहले राज्य के जिरीबाम जिले में शांति बहाल करने के लिए हमार और मैतेई प्रतिनिधियों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए। मगर सिर्फ चौबीस घंटे के भीतर वह समझौता टूट गया और इसके साथ ही फिर से हिंसा शुरू हो गई।

इससे पहले राज्य और केंद्र की सरकारों की ओर से सुरक्षा बलों को उतारने से लेकर शांति समितियां बनाने जैसी पहलकदमियों की घोषणाएं हो चुकी हैं। मगर यह एक अफसोसनाक हकीकत है कि किसी भी सरकारी कवायद का अब तक कोई सकारात्मक हासिल सामने नहीं दिख रहा है। आज भी वहां हिंसा की वही आग जारी है, जो एक नीतिगत अदूरदर्शिता की वजह से भड़की थी। हैरानी की बात यह है कि इस बीच सरकार के रवैए में कोई बहुत ज्यादा फर्क आता नहीं दिख रहा, ताकि नए सिरे से हिंसा थमने या समस्या का कोई हल निकलने की उम्मीद जगे। तबाही के आंकड़े पेश करने के समांतर यह जरूरी है कि इस हालत के लिए अपनी नाकामी को भी स्वीकार किया जाए और कम से कम अब भी राज्य में उलझ चुकी इस जटिल समस्या का हल निकाला जाए।

# तीन सालों से एक पैर पर खड़ा है यह बाबा

यूपी में एक बाबा अपनी बात मनवाने को लेकर अलग ही जिद पकड़कर तप में लीन हो गए हैं. ये बाबा गांव में

**जरा हट के**

विकास न होने पर अनोखे तरीके से विरोध कर रहे हैं. बाबा ने ऐसी हठ पकड़ी है कि गांव वाले भी उनकी हठ देखकर चिंतित हो उठे हैं. लेकिन जब तक बाबा की सुनवाई नहीं होगी वह इस हठ को नहीं छोडेंगे. जी हां पूरा मामला फिरोजाबाद के टूंडला का है, जहां यमुना किनारे बसे एक गांव में विकास न होने पर बाबा ने एक पैर पर खड़े होकर हठयोग करने की प्रतिज्ञा कर ली है. अब जब तक उनकी बात नहीं सुनी जाएगी बाबा अपने हठयोग में लीन रहेंगे.

फिरोजाबाद के टूंडला से लगभग 20 किलोमीटर दूर यमुना किनारे बसे गांव ग्वारई में बच्चा बाबा के नाम से मशहूर बाबा ने लोकल 18 से बातचीत करते हुए कहा कि उनका गांव और मंदिर शहर से काफी दूर है. लेकिन यहां जिले का कोई भी



जनप्रतिनिधि या अधिकारी खराब हालत को नहीं देखता है. गांव में कोई विकास नहीं होता बस वोट मांगने के लिए आते हैं. इसलिए वह पिछले तीन सालों से हठयोग मे लीन हो गए हैं. बाबा ने कहा कि उनके मंदिर पर आने-जाने के लिए कच्चा और खराब रास्ता है, जिसे किसी ने ठीक नहीं कराया है. वहीं उनके गांव में भी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. इसलिए अब वह अपनी मांगों को लेकर तीन सालों से एक पैर पर खड़े हैं और तब तक खड़े रहेंगे जब तक उनकी मांग पूरी नहीं की जाती.

बाबा के इस हठयोग को देखकर गांव वालों की भी टेंशन बढ़ गई है. गांव के ही रहने वाले रन सिंह धाकरे ने बताया कि ये बाबा कई सालों से गांव के बाहर बने मंदिर पर निवास करते हैं और क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और धार्मिक कार्यों के लिए कार्य करते हैं. क्षेत्र का विकास न होने पर बच्चा बाबा नाराज हो गए हैं और उन्होंने हठयोग धारण कर लिया. कई सालों से एक ही पैर पर खडें हैं. इसलिए गांव वालों को भी बाबा की काफी टेंशन हो रही है. लेकिन उनकी मांग अभी तक किसी ने पूरी नहीं की है.

# चमकती त्वचा पाने के लिए बेस्ट है शहद



## ग्लोइंग फेस के लिए इन 5 तरीकों से लगाएं

तीज त्योहारों पर चेहरे को चमकाने के लिए अगर आप भी घंटों पार्लर में बिताती हैं तो ऐसा ना करके बस घर पर शहद से बने फेस पैक को लगा लें। ऐसा करने से चेहरा तुरंत चमक उठेगा। यहां जानिए किस तरह निखरी और चमकती त्वचा पाने के लिए शहद के फेस पैक्स बनाकर लगा सकते हैं।

### 1) शहद और दालचीनी से बनाएं फेस पैक

मुंहासों से निपटने के लिए और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए इस आसान शहद फेस पैक को लगाएं। इसके लिए एक चौथाई चम्मच दालचीनी पाउडर में एक चम्मच शहद मिलाएं। फिर इस मिक्स को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक लगा रहने दें। अब इसे गर्म पानी और फेसवॉश से धो लें। बाद में चेहरे पर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

### 2) शहद और चंदन से बनाएं फेस पैक

चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए शहद और चंदन पाउडर का फेस पैक बनाएं। इसे बनाने के लिए एक चम्मच शहद और चंदन पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और फिर 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में इसे गर्म पानी और फेस क्लींजर से धो लें।

### 3) शहद और केसर से बनाएं फेस पैक

इस होममेड फेस पैक से चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए केसर के कुछ धागों को एक चम्मच शहद में लगभग 15 से 20 मिनट के लिए भिगोएं और फिर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसे गर्म पानी और फेसवॉश से धो लें।

### 4) शहद और पपीता का फेस पैक

इस फेस मास्क को लगाकर आप अपनी स्किन को मुलायम, कोमल और चमकदार बना सकते हैं। इसके लिए बस एक चम्मच मसले हुए पपीते के गूदे में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर 15 मिनट बाद इसे पोंछ लें और अपने चेहरे को पानी और फेसवॉश से धो लें।

### 5) शहद और दही से बनाएं फेस पैक

इस फेस पैक को लगाने से स्किन तुरंत चमकदार बनेगी। इसके अलावा त्वचा मुलायम और कोमल भी होगी। इसके लिए एक चम्मच शहद में एक चम्मच दही और एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। इस मिक्स को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में इसे धो लें।

# मुंह में लंबे समय तक घाव रहना कैंसर का है लक्षण?

**कैंसर बेहद खतरनाक और जानलेवा बीमारी है. WHO के अनुसार, हर 6 में से एक मौत कैंसर से हो रही है. कैंसर का इलाज तभी संभव है जब शुरुआत में ही इसका पता चल जाए लेकिन जानकारी के अभाव में ज्यादातर लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं.**

## मुंह में छाले होना क्या कैंसर का संकेत

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मुंह में छाले होना सामान्य बात है लेकिन कई बार यह समस्या कैंसर जैसी बीमारी का कारण भी बन सकता है. मुंह के छाले यानी माउथ अल्सर काफी सामान्य समस्या है लेकिन इसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं है. इसकी जांच विशेषज्ञ से कराने चाहिए. एलर्जी से भी कई बार ऐसे घाव हो जाते हैं, जो अगर इलाज के बाद भी ठीक नहीं हो रहे हैं तो कैंसर की जांच करानी चाहिए.

## क्या जीभ पर घाव कैंसर का संकेत

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मुंह के अंदर जीभ पर कहीं भी घाव है और 3-4 हफ्ते बाद भी ठीक नहीं हो रहा है तो बिना देर किए



बायोप्सी कराना चाहिए, क्योंकि ये कैंसर भी हो सकता है. इसमें बिल्कुल भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए. जितनी जल्दी बीमारी पकड़ में आएगी, उसका इलाज भी उतनी ही जल्दी और आसानी से हो सकता है.

## क्या बायोप्सी कराने से कैंसर ठीक हो जाएगा

हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गलत धारणा है कि बायोप्सी कराने के बाद कैंसर ठीक नहीं होता होता है। एक्सपर्ट्स से बायोप्सी करवाने का फायदा मिलता है. इससे बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है.

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, लेजर के जरिए ट्यूमर को जलाना ठीक नहीं होता है. इससे ऊपरी हिस्सा तो जल जाता है लेकिन अंदर से खत्म नहीं होता है, इसलिए बायोप्सी ही कराना चाहिए, ताकि पूरा और सही इलाज हो सके.

# टमाटर सॉस

खाना-खजाना

## सामग्री :

बाजार जैसा टोमेटो सॉस बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी. जैसे 2 पके हुए टमाटर, स्वाद अनुसार काला नमक, एक बड़ा चम्मच सिरका, एक चम्मच मिर्च पाउडर आधी कटोरी चीनी और एक चम्मच सोंठ पाउडर. इन सभी सामग्री को इकट्ठा कर आप घर पर टमाटर सॉस बना सकते हैं.

## बनाने का तरीका :

टमाटर सॉस बनाने के लिए सबसे पहले आपको दोनों पके हुए टमाटर को धोकर काट लेना है. अब एक बर्तन में थोड़ा पानी लेकर इस बर्तन को कम आंच पर रख दें. थोड़ा पानी गर्म होने पर इसमें टमाटर डाल दे और टमाटर को अच्छी तरह उबलने दें, तब तक आप पानी वाले बर्तन को ढक कर रख दें. ध्यान रहे आपको बीच-बीच में कुछ पानी को चलते रहना है, ताकि टमाटर चिपके ना. जब टमाटर अच्छी तरीके से उबल जाए तब एक बड़ी छलनी की मदद से आप सारे टमाटर को छान ले. अब



टमाटर को चम्मच से दबाते हुए अच्छी तरह छान कर गाढ़ा रस बना लें.

इसके बाद टमाटर के बचे हुए पीस को मिक्सर में डालकर अच्छी तरह पीस लें और फिर दोबारा छलनी से छान ले. इस गाढ़े रस को एक बर्तन में डालकर मीडियम आंच पर रख दें. अब इसमें स्वाद अनुसार चीनी, काला नमक, सोंठ और लाल मिर्च पाउडर डाल दे. इसके बाद इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिला ले और मीडियम आंच पर उबलने दे.

जब यह सॉस की तरह गाढ़ा हो जाए और पक जाए, तो गैस बंद कर टोमेटो सॉस को ठंडा होने के लिए रख दें. अब आप इसमें सिरका डालकर मिक्स कर दें. आपका सॉस पूरे तरीके से बनकर तैयार हो गया है और आप इसे कांच के शीशे में भर सकते हैं. यही नहीं फ्रिज में रखकर आप इसे दो हफ्ते तक स्टोर कर सकते हैं.

# आज का राशिफल

**मेष :** दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ :** वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी।

**मिथुन :** आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक :** नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

**धनु :** सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ :** धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे।

**मीन :** रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भूमि व दुकान आदि के खरीदने की योजना बनेगी। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। माता का स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सौंफ का पानी पीने से मिलते हैं गजब के फायदे

## जानें किस वक्त पीना होता है ज्यादा फायदेमंद?

भारतीय खाने के शौकीन हैं और खाने के बाद ताज़गी के लिए सौंफ़ के बीज (सौंफ़) के प्रति उनका प्यार किसी से छिपा नहीं है. भारतीयों ने सौंफ़ के फ़ायदों को लंबे समय से पहचाना है, ख़ास तौर पर खाने के बाद पाचन के लिए यह कितना असरदार होता है. यह बात हर भारतीय लगभग जानते हैं.

सौंफ का अक्सर इस्तेमाल हम माउथ फ्रेशनर के तौर पर करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं. यह मसाला आपकी पेट से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करती है. सौंफ की तासीर ठंडी होती है. इसलिए अक्सर खाली पेट सौंफ का पानी पीने की सलाह दी जाती है. सिर्फ इतना ही नहीं यह कई सारी गंभीर बीमारियों से भी दूर रखती है. आज हम आपको विस्तार से बताएंगे कि सौंफ का पानी पीने से क्या-क्या फायदे होते हैं. हालांकि, ये छोटे बीज सिर्फ़ ताज़गी के लिए ही नहीं बल्कि खाना बनाने से लेकर यह सेहत के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं.



## डायबिटीज कंट्रोल

सौंफ में एंटीऑक्सीडेंट और फाइटोकेमिकल्स भरपूर मात्रा में होते हैं. यही कारण है कि यह डायबिटीज को कंट्रोल में रखता है. और ब्लड में शुगर लेवल को भी कंट्रोल में रखता है.

## आंखों के लिए फायदेमंद

सौंफ में विटामिन ए भरपूर मात्रा में होता है. जो आंखों की रोशनी को बढ़ाती है. इसके पानी रोजाना पीने से यब आंख से जुड़ी समस्या को दूर करती है.

## दांतों और मसूड़ों के लिए

सौंफ में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं. यही वजह है कि इसे माउथफ्रेशनर के तौर पर यूज किया जाता है. साथ ही यह दांत और मसूड़ों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. सौंफ का पानी स्किन के लिए बहुत अच्छा होता है. यह दाग- मुहासों को भी ठीक करता है.

## बालों के लिए है फायदेमंद

सौंफ का पानी बालों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. यह बाल को झड़ने से रोकता है.

गर्मी में तन और त्वचा दोनों को ठंडा रखने के लिए सौंफ का जूस पीना फायदेमंद साबित हो सकता है. सौंफ में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन मौजूद होता है जो त्वचा को हाइड्रेट रखता है और सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाता है. सौंफ त्वचा को ठंडा रखने में मदद करती है, जिससे गर्मी के दिनों में होने वाली समस्या से राहत मिलती है. सौंफ का पानी पीने से चेहरे पर होने वाली झुर्रियों और लालिमा दूर होती है.

## पाचन क्रिया में सुधार

यह त्वचा के साथ-साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना गया है. रोजाना इसका पानी पीने से पाचन क्रिया में सुधार आता है और गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से राहत मिलती है. सौंफ का जूस बनाने के लिए आपको सौंफ को 10 मिनट के लिए पानी में भिगोना होगा, फिर भीगे हुए सौंफ को मिक्सर में पीस लें, पीसने के बाद इसे एक ग्लास में छान ले, इसमें स्वाद अनुसार शहद भी मिला सकते हैं, फिर अच्छे से घोल कर सुबह खाली पेट सौंफ के पानी को पी लें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रेमी के पास जाने की जिद पर अड़ी थी बहन, नाराज भाई ने सरेआम गला घोंटकर की हत्या

**मेरठ.** मेरठ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां प्रेमी के पास जाने की जिद पर अड़ी एक बहन को उसके भाई ने सरेराह गला दबाकर मार दिया। ये घटना इंचौली थाना क्षेत्र के नंगला शेखू गांव का है। यहां के रहने वाले एक वर्ग की 16 साल की लड़की का सरूरपुर गांव के दूसरे वर्ग के युवक से प्रेम संबंध था. जिसके चलते लड़की कई बार प्रेमी के पास जा चुकी थी। दो दिनों पूर्व भी लड़की फिर से लड़के के पास चली गई। परिजन उसे पकड़कर घर ले आए थे। बार-बार रोकने के बाद भी वह प्रेमी के यहां जाने की जिद कर रहने लगी। बुधवार सुबह भी वह प्रेमी के पास जाने की तैयारी कर रही थी। इस पर उसके भाई को भनक लग गई। उसने पहले बहन को रोकने की कोशिश की लेकिन जब वह नहीं मानी तो उसने गुस्से में आकर सरेराह बहन की गला दबाकर हत्या कर दी।

### ग्राहक के चेहरे पर थूक लगाकर की मसाज

**कन्नौज.** कन्नौज के एक नाई की घिनौनी करतूत हरकत सामने आई है। सैलून में उसने थूक लगाकर एक युवक की मसाज की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो 15 दिन पुराना है। हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मंगलवार से ही वायरल हो रहा है। जिसमें एक सैलून संचालक थूक लगाकर एक युवक के चेहरे पर मसाज कर रहा है। साथ ही वह मोबाइल से इसका वीडियो भी बना रहा है। ये मामला तालग्राम के छिबरामऊ चौराहे की बताई जा रही है। जिसके बाद जिले में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ऐसे सैलून संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद इस संबंध में प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो करीब 15 दिन पुराना बताया का है। फिलहाल वीडियो की जांच की जा रही है। जांच के बाद सैलून संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### फूड प्वॉयजनिंग के शिकार 90 में से 1 बच्चे की मौत

**देवरिया.** देवरिया के आश्रम पद्धति विद्यालय के जिम्मेदारों की लापरवाही की सजा आठवीं में पढ़ने वाले 15 साल के मासूम शिवम यादव को अंततः अपनी जान देकर भुगतनी पड़ी। बुधवार को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। शिवम उन 90 बच्चों में से एक था जिनकी तबीयत रविवार की रात का खाना खाने के बाद बिगड़ गई थी। शिवम पुत्र सदानंद यादव की स्थिति गंभीर होने पर मंगलवार की शाम उसे देवरिया मेडिकल कॉलेज से गोरखपुर रेफर कर दिया गया था। देवरिया जिले के पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मेहरौना में फूड प्वॉयजनिंग से 90 से अधिक छात्रों की तबीयत 5अगस्त को खराब हो गई थी। इसमें 61 छात्रों का महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज चल रहा है। मेडिकल कॉलेज में भर्ती कक्षा 8 के छात्र शिवम यादव (15) पुत्र सदानंद यादव निवासी भैंसहिया रामनगर थाना फरेंदा महाराजगंज की स्थिति मंगलवार की शाम खराब हो गई थी।

# बेटे संग दिल्ली पहुंचे उद्धव ठाकरे

- सीट बंटवारे पर कांग्रेस संग खींचतान?

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे अपने विधायक बेटे आदित्य ठाकरे के साथ तीन दिनों के दिल्ली दौरे पर हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि सीट बंटवारे पर खींचतान के बीच महाविकास अघाड़ी के तीनों घटक दल का शीर्ष नेतृत्व इस वक्त दिल्ली में है। माना जा रहा है कि तीन दिनों के दिल्ली प्रवास में उद्धव ठाकरे ना सिर्फ राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे बल्कि एनसीपी चीफ शरद पवार और इंडिया गठबंधन की दूसरी बड़ी नेता ममता बनर्जी से भी मुलकात करेंगे।

लोकसभा चुनावों के बाद उद्धव ठाकरे की यह पहली दिल्ली यात्रा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच बुधवार को मीटिंग होनी है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रह सकते हैं।



शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत, जिनके घर पर ठाकरे और उनके बेटे ठहरे हुए हैं, ने बताया कि उद्धव ठाकरे, शरद पवार, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी दिल्ली में हैं इसलिए सभी नेता दिल्ली में ही महाराष्ट्र की रणनीति पर चर्चा करेंगे। राउत ने कहा, हम राज्य में एक सरकार लाना चाहते हैं।

उधर, कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सरकार बदलना तय है। शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे का तीन दिवसीय दिल्ली दौरा मंगलवार से शुरू हुआ। पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस नेतृत्व से मिलेंगे। उन्होंने कहा, "वे महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को हराने की रणनीति पर चर्चा करेंगे।"

हालांकि, कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी महाविकास अघाडी (एमवीए) के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत दिल्ली में नहीं बल्कि मुंबई में होगी। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस वर्ष अक्टूबर में होने की संभावना है। बता दें कि महाराष्ट्र विधान सभा में कुल 288 सीटें हैं। उद्धव 105 से 125 सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रहे हैं, जबकि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख 100 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कर चुके हैं। ऐसे में सीट बंटवारा एक टेढ़ी खीर साबित हो रही है।

# महाराष्ट्र में वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनेगा इंटरनेशनल फुटबॉल स्टेडियम

- सरकार का ऐलान

**मुंबई.** केंद्र की मोदी सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून में संशोधन करने के लिए संसद में एक विधेयक लाने वाली है। मोदी सरकार का उद्देश्य वक्फ बोर्ड के कामकाज में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। साथ ही महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करना भी। इस बिल के संसद में पेश करने से पहले ही विरोध में आवाजें उठने लगीं।

पिछले दिनों विपक्ष के कई नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार समाज में विभाजन पैदा करने के लिए वक्फ अधिनियम में संशोधन



के लिए विधेयक लाना चाहती है। हालांकि सरकार की तरफ से साफ किया गया कि बिल को पेश करने से पहले कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों से चर्चा की गई है।

इस बीच महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि छत्रपति संभाजीनगर में वक्फ बोर्ड के स्वामित्व वाले मैदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल स्टेडियम बनाने की योजना है। मामले में जानकार एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संभाजीनगर में आमखास मैदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल स्टेडियम बनाया जाएगा। यह मैदान वक्फ बोर्ड के स्वामित्व में आता है। इस पर फैसला संरक्षक मंत्री अब्दुल सत्तार की अध्यक्षता और खेल मंत्री संजय बनसोडे की मौजूदगी में लिया गया। बयान के अनुसार, संरक्षक मंत्री सत्तार ने निर्देश दिया कि जिला कलेक्टर फुटबॉल स्टेडियम के लिए प्रस्ताव तुरंत खेल विभाग को सौंपे।

**देशभर में 30 वक्फ बोर्ड**

गौरतलब है कि वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने वाला विधेयक वक्फ बोर्ड के लिए अपनी संपत्तियों का वास्तविक मूल्यांकन सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारियों के पास पंजीकरण कराना अनिवार्य कर देगा। देश में 30 वक्फ बोर्ड हैं। सूत्रों का कहना है कि सभी वक्फ संपत्तियों से प्रति वर्ष 200 करोड़ रुपये का राजस्व आने का अनुमान है। यह वक्फ के पास मौजूद संपत्तियों की संख्या के अनुरूप नहीं है। मूल रूप से, देशभर में वक्फ बोर्ड के पास करीब 52,000 संपत्तियां हैं। वर्ष 2009 तक चार लाख एकड़ भूमि पर 3,00,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां थीं और आज की तारीख में, आठ लाख एकड़ से अधिक भूमि पर 8,72,292 ऐसी संपत्तियां हैं।

# मथुरा में मुख्तार का शूटर एनकाउंटर में ढेर

- STF ने सिर, कमर और पैर में गोली मारी
- एक लाख का इनामी था पंकज यादव

**मथुरा.** मथुरा में STF ने पुलिसकर्मी की हत्या के आरोपी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। बदमाश का नाम पंकज यादव था। वह मुख्तार और शाहबुद्दीन गैंग का शॉर्प शूटर था। पंकज पर एक लाख का इनाम था। काफी वक्त से फरार था।

STF के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया- एनकाउंटर बुधवार सुबह 4 बजे मथुरा-आगरा हाइवे पर फरहा थाना क्षेत्र में हुआ। मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंकज अपने एक साथी के साथ बाइक से आगरा की तरफ जा रहा है।

**पंकज को तीन गोलियां लगीं, ऑन द स्पॉट हो गई मौत**

STF ने घेराबंदी की तो वह गांव की तरफ भागने लगा और फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें पकंज को तीन गोलियां लगीं। एक गोली उसके पैर में, दूसरी कमर पर और तीसरी गोली सिर पर लगी है। वहीं, उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

पंकज को जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 34 साल के पंकज के पास से एक पिस्टल, रिवॉल्वर, कारतूस और बाइक बरामद की गई है।

# मुजीबुर रहमान पर फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर को भी भीड़ ने मार डाला

- एक्टर बेटे का भी कत्ल

**ढाका.** बांग्लादेश में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। ताजा मामला मॉब लिंचिंग का है, जिसका शिकार मुल्क के मशहूर एक्टर शांतो खान और उनके पिता हो गए। खबरें हैं कि दोनों जब जान बचाकर भाग रहे थे, तब भीड़ ने उन्हें पकड़ा और पीट-पीटकर मार डाला। इस घटना से पश्चिम बंगाल और फिल्म भी दुखी नजर आ रहा है। बांग्लादेश में बीते कुछ दिनों से जमकर हिंसा हो रही है।



मीडिया रिपोर्ट्स के दौरान सोमवार को एक्टर खान के साथ उनके पिता सलीम खान को भी मार दिया गया। सलीम भी पेशे से फिल्म प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। डेली सन के अनुसार, शांतो और सलीम अपने गृहनगर से बचकर भाग रहे थे। उस दौरान वे बलिया यूनियन के फरक्काबाद बाजार में जारी बवाल में फंस गए। खबर है कि दोनों जब बागारा बाजार पहुंचे, तो वहां उन्हें भीड़ ने घेर लिया।

कहा जा रहा है कि भीड़ से बचने के लिए दोनों ने गोली भी चलाई। इसके बाद भीड़ दोनों पर टूट पड़ी और जान ले ली।

टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में फिल्म प्रोड्यूसर अरिंदम बताते हैं कि सोमवार को ही उनकी सलीम खान से बात हुई थी। उन्होंने कहा, 'मैंने सोमवार को ही सलीम भाई से बात की थी। कुछ घंटों के बाद ही कमांडो के डायरेक्टर शमीम अहमद रॉनी ने मुझे यह पता करने के लिए अमेरिका से फोन किया कि कोई खबर मिली है क्या। उन्होंने कहा कि सलीम भाई के बारे में खबर सुनकर उनके हाथ कांप रहे हैं। मैंने भी जब पता लगाया तो सन्न रह गया।'

**जेल भी जा चुके थे सलीम खान**

शापला मीडिया नाम से कंपनी चलाने वाले सलीम शहंशाह, बिद्रोही जैसी फिल्में भी प्रोड्यूस कर चुके थे। खास बात है कि उन्हें पद्म मेघना नदी से अवैध रूप से रेत खनन करने के भी दोषी पाए गए थे। उन्हें इनके चलते जेल भी जाना पड़ा था। ACC यानी एंटी करप्शन कमीशन में उनका केस अभी भी जारी है। इसके अलावा एसीसी ने शांतो के खिलाफ अवैध संपत्ति जुटाने को लेकर केस दर्ज किया था।

### कानपुर में तैराकी का जानलेवा स्टंट



**कानपुर.** कानपुर में तैराकी का जानलेवा स्टंट देख लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। जिसने भी इस स्टंट को देखा वो हैरान रह गया। लोग युवक के इस हैरतंगेज कारनामे को एकटक देखते और वीडियो बनाते रहे। जान जोखिम में डालकर गंगा में छलांग लगाते नवयुवक का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो भैरों घाट का बताया जा रहा है। अब पुलिस इस यूवक की तलाश में जुटी है।

वायरल वीडियो में एक नवयुवक बिजली के पोल पर चढ़कर लगभग 15 फिट की ऊंचाई से गंगा में छलांग लगाता है। मौके पर मौजूद लोग सिर्फ तमाशा देखते हैं और वीडियो बनाते हैं। जबकि गंगा में ऐसे ही खिलवाड़ करते कई लोग डूब चुके हैं।

# बांग्लादेश से भारत ने वापस बुलाए कई राजनयिक

- हिंसा के बीच था सुरक्षा को खतरा

भारत ने बांग्लादेश में चल रही हिंसा को देखते हुए ढाका स्थित अपने दूतावास के स्टाफ को कम कर दिया है। सूत्रों के अनुसार कई ऐसे कर्मचारियों को वापस बुलाया जा रहा है, जो बहुत जरूरी कामकाज में संलग्न नहीं थे। ये लोग अपने परिवारों के साथ वापस आ रहे हैं। हालांकि बांग्लादेश में मौजूद भारत के सभी कौंसुलेट्स में सामान्य कामकाज जारी रहेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि फिलहाल बांग्लादेश में करीब 12000



भारतीय मौजूद हैं। उनसे दूतावास संपर्क में है और किसी भी तरह की मदद की जरूरत पड़ने पर उन तक सहायता पहुंचाई जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेश स्थित दूतावास और अन्य कौंसुलेट्स में जरूरी स्टाफ मौजूद रहेगा। वहां कामकाज सामान्य तरीके से चलता रहेगा। सिर्फ उस स्टाफ को हटाया गया है, जो बहुत जरूरी नहीं थे। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ है और उन्होंने सोमवार को अपना देश छोड़कर भारत में शरण ले ली थी। उन्हें ऐसा करने के लिए भी सेना की ओर से महज 45 मिनट का वक्त ही मिला था। शेख हसीना के पलायन करने के बाद से बांग्लादेश में हालात बेहद खराब हैं और हिंसा का दौर लगातार जारी है। अब तक ढाका समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में उपद्रवियों के हाथों 440 लोग मारे जा चुके हैं।

हिंसा में बड़े पैमाने पर हिंदुओं को भी टारगेट किया गया है। मेहरपुर के मशहूर इस्कॉन मंदिर में मूर्तियों तक को तोड़ दिया गया और स्टाफ ने जैसे-तैसे खुद को बचाया। दो हिंदू पार्षदों का कत्ल हो चुका है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कुल 27 जिलों में हिंदुओं पर हमले हुए हैं। ऐसे हालातों में बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों को भी चिंता हो रही है। कुल 20 हजार भारतीय बांग्लादेश में थे, जिनमें से 8000 लोगों के आने की खबर है। अब भी 12 हजार भारतीय वहां हैं। ऐसे में उनसे संपर्क करने के लिए दूतावासों में नियमित कामकाज जारी है। फिर भी गैर-जरूरी स्टाफ को कम किया गया है।

# 9 राज्यों की 12 सीटों पर राज्यसभा उपचुनाव का ऐलान

- 3 सितंबर को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर उप चुनाव का ऐलान कर दिया है। बुधवार को आयोग की घोषणा के मुताबिक उपचुनाव 3 सितंबर को होंगे। 10 राज्यसभा सदस्यों के हालिया लोकसभा चुनावों में निर्वाचित होने से ये दस सीटें खाली हुई थीं, जबकि दो अन्य रिक्तियां राज्यसभा सांसदों के इस्तीफे से हुई हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, उप चुनाव की अधिसूचना 14 अगस्त को जारी होगी, जबकि नामांकन 21 अगस्त तक होगा। 22 अगस्त को नामांकन-पत्रों की जांच होगी



और 27 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि जरूरी हुआ तो 3 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन शाम में मतगणना भी होगी। उप चुनाव 6 सितंबर से पहले संपन्न हो जाना चाहिए। बता दें कि जो राज्यसभा सदस्य लोकसभा चुनावों में चुनकर आए हैं, उनमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), दीपेंद्र सिंह हुडा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मध्य प्रदेश), और कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) शामिल हैं। इनके अलावा बीआरएस सांसद के.केशव राव ने 5 जुलाई को और बीजेडी सांसद ममता मोहंता ने 31 जुलाई को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था।

चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि उप चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दिए गए केवल बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही उपयोग मतपत्र पर वरीयताओं को चिह्नित करने के लिए किया जा सकेगा।

आयोग के मुताबिक जिन 9 राज्यों की 12 सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें असम की दो, बिहार की दो, महाराष्ट्र की दो और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की एक-एक सीट शामिल है। बिहार से लोकसभा चुनाव जीतने वालों में राजद की मीसा भारती और भाजपा के नवादा से सांसद विवेक ठाकुर तो असम से कामाख्या प्रसाद तासा और सर्बानंद सोनोवाल हैं। इनके अलावा त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देब भी लोकसभा चुनाव जीतने वालों में शामिल हैं। इनके इस्तीफे से ये सीटें खाली हुई हैं।

# न नदी, न सड़क, खेत में बना दिया पुल !

- लोग बोले-नदी से दूर बना पुल हमारे किस काम का
- अररिया में डीएम ने दिए जांच के आदेश

**अररिया.** बिहार के अररिया में खेत में पुल बना दिया गया है। पुल के नीचे कोई नदीं नहीं बह रही न ही पुल तक पहुंचने के लिए सड़क है। पुल को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें गुणवत्ता पूर्ण कार्य भी नहीं किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीएम इनायत खान ने जांच के आदेश दे दिए हैं। सड़क और पुल के निर्माण में लगभग तीन करोड़ की राशि का खर्च की गई है।

उन्होंने कहा है कि जहां पुल का निर्माण कराया गया वहां विभाग के लोगों को भेजा जा रहा है। इसकी जांच कर रिपोर्ट मुझे सौंपी जाएगी और अगर कोई इसमें दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई करेंगे।



इस पुल का निर्माण जिले के रानीगंज प्रखंड की परमानपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 में बीच बहियार में ग्रामीण कार्य विभाग ने कराया है। पुल ग्रामीणों के लिए शोभा की वस्तु बनी हुई है।

लाखों रुपए खर्च करके नदी की जगह पुल का निर्माण नहीं करके बीच खेत में पुल का निर्माण संवेदक और विभाग ने किया है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 6 महीने पहले पुल का निर्माण करवाया गया था वो भी निजी जमीन पर पुल का निर्माण करवाया गया है। जिस जगह पर पुल बना है वहां नदी है ही नहीं बल्कि नदी उस स्थान से दूर है।

# वेश बदलकर 4 राज्यों में गुजारे 20 साल

- कोर्ट ने मान लिया था मृत
- CBI ने ऐसे दबोचा

**नई दिल्ली.** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में 20 साल से फरार आरोपी को बीते रविवार को दबोच लिया। उसे एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 16 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया गया। आरोपी को यहां की एक अदालत ने कुछ साल पहले मृत करार दे दिया था। सीबीआई ने सोमवार को बताया कि आरोपी वी. चलपति राव ने अपनी पहचान और जगह बार-बार बदली। उसने करीब 10 बार अपना मोबाइल नंबर बदला। मई 2002 में सीबीआई ने बैंक से 50 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया था। राव हैदराबाद में भारतीय स्टेट बैंक की चंदूलाल बिरादरी शाखा में कंप्यूटर ऑपरेटर था।

- 2004 से सीबीआई को दे रहा था चकमा

सीबीआई ने 31 दिसंबर 2004 में दो आरोपपत्र दाखिल किए थे। आरोपी 2004 से लापता था। मामले में पत्नी भी आरोपी है। उसने हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी। उसने राव के लापता होने के सात साल बाद उसे मृत घोषित करने के लिए दीवानी अदालत का भी रुख किया था। इसके बाद अदालत ने उसे मृत घोषित करने का आदेश दिया था।

- पहचान और जगह बार-बार बदली

आरोपी सलेम में एम. विनीत कुमार बनकर 2007 में एक महिला से शादी कर ली। सीबीआई को उसकी दूसरी पत्नी से पता चला कि वह बेटे के संपर्क में है। हालांकि, 2014 में वह बिना बताए सलेम छोड़कर चला गया और भोपाल पहुंचा जहां उसने लोन

# रेसलर विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक से बाहर

**खून निकलवाया, बाल कटवाए, वजन कम करने के लिए विनेश फोगाट ने क्या कुछ नहीं किया**

6 अगस्त की रात विनेश फोगाट के गोल्ड मेडल का सपना लिए हर भारतीय सोया होगा, लेकिन 7 अगस्त की सुबह यह सपना चकनाचूर हो गया। पेरिस ओलंपिक गेम्स में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में भारत की स्टार विनेश फोगाट ने फाइनल तक का सफर एक दिन में तय कर लिया। विनेश ने 6 अगस्त को खेले गए अपने तीनों मैच जीते और फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए कम-से-कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया था, लेकिन इसके अगले दिन उन्हें डिस्क्वॉलिफाई कर दिया गया। विनेश का वजन 100 से 150 ग्राम ज्यादा था, जिसके



चलते उन्हें अयोग्य करार दिया गया और अब उन्हें कोई मेडल नहीं मिलेगा। दरअसल ओलंपिक में कुश्ती के नियम के मुताबिक दो दिन के अंदर मुकाबले होते हैं और दोनों दिन ही हिस्सा लेने वाले पहलवानों का वजन किया जाता है।

**क्या कुछ किया वजन कम करने के लिए**

विनेश का वजन कम करने के लिए उनके कोच और सपोर्ट स्टाफ ने सबकुछ कर लिया, लेकिन वह 100-150 से ओवरवेट आईं और डिस्क्वॉलिफाई हो गईं। विनेश के बाल काटे गए, उनका खून तक निकाला गया, जिससे उनका वजन कुछ कम हो जाए। विनेश को फिलहाल हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि विनेश को डिहाइड्रेशन के चलते हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है।

पहले दिन विनेश का वजन था निर्धारित लिमिट के अंदर

विनेश ने जिस तरह से प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच जीते, उसे देखकर ऐसा लगा था कि वो इस बार गोल्ड मेडल लेकर ही आएंगी। खबरों की मानें तो फाइनल से एक रात पहले विनेश का वजन करीब दो किलोग्राम ज्यादा था, जिसके बाद कोच और सपोर्ट स्टाफ ने मिलकर उनका वजन कम करने के लिए हर संभव कोशिश की। नियमों के दायरे में रहते हुए उनका खून भी निकाला गया और बाल भी काटे गए, लेकिन इन सब के बावजूद 100-150 ग्राम एक्स्ट्रा वजन ने उनका मेडल जीतने का सपना तोड़ दिया।

# दमोह के सबसे बड़े प्राइवेट अस्पताल के मालिक पर मानव तस्करी की FIR

- दो अडॉप्ट बच्चों के गायब होने का मामला
- दमोह पुलिस अरेस्ट करने घर में घुसी

**दमोह.** दमोह के सबसे बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल के ऑनर डॉ. अजय लाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग के केस में फंस गए। पुलिस सोमवार को उन्हें अरेस्ट करने घर में घुस गई, लेकिन डॉ. लाल नहीं मिले। इसके बाद मंगलवार रात करीब 12 बजे डॉ. लाल और उनसे जुड़े कई लोगों पर ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जुवेनाइल जस्टिस केयर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद डॉ. लाल की बेटी ने कहा- यहां माहौल खराब है। हम अमेरिका जाएंगे। इधर, आरोपी डॉक्टर अजय लाल को हाईकोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट ने 9 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। डॉ. अजय लाल की आधारशिला संस्था के जरिए बाल भवन का संचालन किया जाता था, जिसमें अनाथ बच्चे रहते थे। करीब एक साल पहले राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने दमोह पुलिस को पत्र जारी किया था, जिसमें 18 साल पहले बाल भवन से अडॉप्ट किए गए दो बच्चों को लेकर ह्यूमन ट्रैफिकिंग की आशंका जताई थी। इसके बाद बाल भवन को बंद कर दिया गया।



## संक्षेप...

### 70 हजार की ठगी.

**भिवंडी.** कल्याण रोड़ टेमघर स्थित सांई बाबा मंदिर के बाहर 5 लोगों ने मिलकर खुशहाली की खातिर पूजा, आरती बहाना कर एक व्यक्ति से 70 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है. सचिन ठाकरे बिल्डिंग निवासी अभिषेक पांडे टेमघर स्थित साई बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए आऐ थे. जब पूजा शुरू हुई तो 3 लोग साधु का भेष धारण कर सही तरीके से पूजापाठ करने के लिए सलाह दी तथा पांडे को जाल में फंसा कर साधुओं ने 50 हजार कीमत के सोने की अंगूठी व पूजा सामग्री के लिए 20 हजार नकद कुल 70 हजार ठग लिया. 3 दिन बाद फिर उक्त साधुओं ने पूजा करने के लिए 75 हजार की मांग की और रकम कल्याण दुर्गाडी किले के पास खड़े 2 साधुओं तक पहुंचाने के लिए कहा. लेकिन उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

# क्या अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव टलेंगे ?

- **राकांपा (शरद पवार) के जयंत पाटिल ने किया दावा**
- **'महाराष्ट्र सरकार चुनाव से डर रही है'**
- **शिवस्वराज्य यात्रा का टीजर जारी**



**मुंबई.** एनसीपी (शरद पवार गुट) की ओर से शिवस्वराज्य यात्रा का टीजर जारी किया गया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयंत पाटिल, सांसद अमोल कोल्हे, अनिल देशमुख, राजेश टोपे और सुनील भुसारा मौजूद थे. इस मौके पर बोलते हुए जयंत पाटिल ने बड़ा दावा किया है कि महाराष्ट्र सरकार डरी हुई है. उन्होंने कहा, इसलिए वे अक्टूबर में होने वाले चुनाव को टालने की कोशिश कर रहे हैं। उनके इस दावे से चर्चाएं शुरू हो गई हैं.

जयंत पाटिल ने कहा कि 9 अगस्त को हम शिवनेरी किले से शिवाजी महाराज का आशीर्वाद लेंगे. उसके बाद हम महाराष्ट्र में शिवस्वराज्य यात्रा-2 शुरू कर रहे हैं. यात्रा जुन्नर से शुरू होगी. सुबह 9 बजे शिवनेरी किले से यात्रा शुरू होगी.

हम बहुजनों की सरकार लाएंगे. इसके लिए हम जनता के पास जा रहे हैं. लोकसभा में जनता ने महागठबंधन को नकार दिया. माविआ को 31 सीटें मिली हैं. लोगों ने दिखाया कि हम उन्हें महाराष्ट्र से निकाल सकते हैं।' पाटिल ने कहा, हमने महाराष्ट्र में जन जागरूकता पैदा करने का फैसला किया है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था किस तरह बिगड़ गयी है. इस सरकार के आने के बाद बेरोजगारी कैसे बढ़ी है, महाराष्ट्र कैसे पीछे चला गया है। हम इसे लोगों तक पहुंचाएंगे. जयंत पाटिल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हम सरकार के काले कारनामों को जनता के सामने लाने जा रहे हैं. उन्होंने कहा, हम उस निर्वाचन क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं जहां हम लड़ने जा रहे हैं।

# गणेशोत्सव से पहले अधिकारियों ने किया गणेश घाट का दौरा

- **घाट तक जाने का मार्ग सुनिश्चित करने की तैयारी**



**कल्याण.** गणेशोत्सव में विसर्जन को लेकर बुधवार को केडीएमसी की सिटी इंजीनियर अनिता परदेशी के साथ कल्याण ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राजेश शिरसाठ, एसकेडीसीएल के अधिकारी और शिवसेना (शिंदे) के शहर प्रमुख रवि पाटील ने गणेश घाट का दौरा कर रास्ते का निरीक्षण किया। इस दौरान रवि पाटील के साथ अधिकारियों की चर्चा हुई, जिसमें घाट तक जाने का मार्ग सुनिश्चित करने की बात कही गई। बतादें कि गणेश घाट के आसपास स्मार्ट सिटी का काम चल रहा है। साथ ही नौसेना के संग्रहालय का काम भी जारी है, इसलिए दुर्गाडी किले के पास गणेश घाट पर जाने के लिए केवल एक ही मार्ग उपलब्ध है। काम की वजह से दूसरी ओर की सड़क पूरी तरह बंद कर दी गई है, जिससे विसर्जन के दौरान दिक्कतें आ सकती है। केडीएमसी की सिटी इंजीनियर अनिता परदेशी ने उपस्थित अधिकारियों को इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्रवाई कर अन्य सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान केडीएमसी की कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे, स्मार्ट सिटी के अधिकारी संदीप तांबे और यातायात विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक राजेश शिरसाठ सहित तमाम अधिकारी मौजूद थे।

# डोंबिवली में पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्महत्या!

**कल्याण.** विष्णुनगर पुलिस द्वारा की गई जांच से पता चला है कि डोंबिवली पश्चिम के भगवान काठेनगर में रहने वाली एक पत्नी ने अपने पति को उसके दोस्तों की मदद से प्रताड़ित किया, उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया।

आठ महीने पहले पति के आत्महत्या करने के बाद पुलिस ने दर्ज अपराध की तरह जांच शुरू की. मृत पति का नाम सुधाकर यशवंत यादव (42, निवासी लीलाबाई म्हात्रे चाल, भगवान काठे नगर, डोंबिवली) है। आरोपी पत्नी का नाम संजना सुधाकर यादव (31) है। संजना ने मोहम्मद शेख, महेश पाटिल और एक अजनबी इसाम की मदद से अपनी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। आरोपियों ने उसे जीवन जीने के लिए तरह-तरह से प्रताड़ित कर परेशान किया। आठ महीने पहले सुधाकर यादव ने अपनी पत्नी और उसकी सहेलियों से परेशान होकर घर में अकेले रहने के दौरान छत से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बदलापुर में रहने वाले सुधाकर के भाई प्रभाकर यशवंत यादव ने दिसंबर 2023 में अपने भाई की आत्महत्या के संबंध में विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के आधार पर विष्णुनगर पुलिस ने गहन जांच की। इस जांच में यह बात सामने आई कि सुधाकर को उसकी पत्नी संजना और आरोपी दोस्त परेशान कर रहे थे. इसी परेशानी से तंग आकर सुधाकर यादव ने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. इस जांच के बाद विष्णुनगर पुलिस ने उसकी पत्नी संजना समेत उसके आरोपी दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

# 5 मंजिला इमारत से कुत्ता तीन साल की बच्ची पर गिरा, बच्ची की मौत

**ठाणे.** मुंब्रा में पांच मंजिला इमारत से एक कुत्ता तीन साल की बच्ची पर गिर गया. इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई. बच्ची अपनी मां के साथ सड़क पर चल रही थी, तभी अचानक बिल्डिंग से एक कुत्ता उस पर गिर गया. इस घटना में एक कुत्ता भी घायल हो गया है. जिसे एक पशु प्रेमी ने अस्पताल पहुंचाया। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है.

ऐसा सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है. लोग सड़क पर आ-जा रहे हैं. इसी बीच ये बच्ची भी अपनी मां के साथ जा रही है. जैसे ही लड़की पांच मंजिला इमारत के नीचे से गुजरती है, एक कुत्ता ऊपर से गिरता हुआ दिखाई देता है, जो सीधे लड़की के ऊपर आ जाता है। इससे बच्ची बेहोश हो गयी. वहीं कुत्ता भी गिरने के कुछ देर बाद उठ जाता है और जमीन से उठकर सड़क के किनारे चला जाता है.

यह घटना मुंब्रा के अमृत नगर इलाके में हुई. जैद सैयद नाम के शख्स ने चिराग मेंशन बिल्डिंग की छत पर एक कुत्ता पाल रखा था. मंगलवार दोपहर पांचवी मंजिल से तीन साल की मासूम बच्ची पर कुत्ता गिर गया। जिससे लड़की पूरी तरह से बेहोश हो गई. बच्ची को उसकी मां तुरंत अस्पताल ले गई।

हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पशु प्रेमी मुजना ने तुरंत घायल कुत्ते को उठाया और अस्पताल ले गए. घटना की सूचना मिलते ही मुंब्रा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है.

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती अनुरबी गालीब शेख सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री मोहम्मद गालीब शेख का देहांत 10 मई 2023 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 सीजी 2931 है और परमिट नं. 7399/UNR जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 सीजी 2931 मेरे श्रीमती अनुरबी गालीब शेख के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

**श्रीमती अनुरबी गालीब शेख**
राजीव गांधी नगर, शहाड फाटक, सी ब्लाक रोड, उल्हासनगर-1

### 16 डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारियों का ट्रांसफर

**मुंबई:** गृह विभाग ने मंगलवार को राज्य में 16 डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारियों के तबादले का आदेश दिया. मुंबई की अपराध शाखा के उपायुक्त दत्ता नलावडे को मुंबई रेलवे पुलिस के उपायुक्त के रूप में स्थानांतरित किया गया है। मुंबई के परिवहन विभाग के उपायुक्त राजू भुजबल को भी मुख्य सुरक्षा, महाराष्ट्र विधान सचिवालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा मुंबई रेलवे के डिप्टी कमिश्नर संदीप भजीभाकरे को राज्य खुफिया विभाग, नागपुर में स्थानांतरित कर दिया गया है। महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय के सुरक्षा अधिकारी प्रदीप चव्हाण को मुंबई में उपायुक्त के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा नवी मुंबई के डिप्टी कमिश्नर विवेक पानसरे को मुंबई में डिप्टी कमिश्नर के तौर पर ट्रांसफर किया गया है. इसके अलावा, रश्मी नांदेड़कर को नवी मुंबई के डिप्टी कमिश्नर के पद पर, मीना मकवाना को ठाणे के डिप्टी कमिश्नर के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा मंगलवार को अन्य उपायुक्तों समेत कुल 16 उपायुक्तों का तबादला कर दिया गया है.

# नवी मुंबई का मोरबे डैम 90% भरा



**नवी मुंबई.** जल समृद्ध शहर के रूप में पहचाने जाने वाले नवी मुंबई नगर निगम में मोरबे बांध में पानी का भंडार कम होने के कारण गर्मी के दौरान मनपा को विभागवार पानी में कटौती करनी पड़ी. लेकिन पिछले कुछ दिनों में हुई भारी बारिश के कारण एक सप्ताह पहले शहर में पानी की कटौती रद्द कर दी गई है.

मोरबे बांध क्षेत्र में अच्छी बारिश के कारण मोरबे बांध 90 फीसदी से ज्यादा भर गया है. पिछले साल बांध भरने का समय सितंबर था लेकिन इस साल अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश हुई तो करीब 700 मिमी बारिश होने का अनुमान है कि इस महीने में बांध भर जाएगा.

नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र को पानी की आपूर्ति करने वाले मोरबे बांध का जल स्तर मार्च और अप्रैल में ही तेजी से नीचे चला गया। वहीं भारी बारिश के कारण पानी की चिंता भी बढ़ गई है. इस मानसून सीजन में 9 जून से बारिश शुरू हो गई थी.

लेकिन मानसून की शुरुआत के बावजूद 15 जून तक मोरबे बांध क्षेत्र में केवल 78. महज 60 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी. इसलिए मोरबे बांध में सिर्फ 26 पानी का भंडारण बचा था. इसलिए, नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करते समय, नगर पालिका ने शाम को पानी की आपूर्ति और कम कर दी थी।

लेकिन जुलाई माह में भारी बारिश हुई है. चूंकि अगस्त माह में भी लगातार अच्छी बारिश हो रही है, सोमवार 5 अगस्त तक मोरबे बांध क्षेत्र में कुल 2853 मिमी बारिश हुई है. एक तरफ पानी की कटौती रद्द कर दी गई है और अगर अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होती है, अगर 700 मिमी बारिश होती है, तो अनुमान है कि मोरबे बांध इस साल एक महीने पहले भर जाएगा. पिछले साल 24 सितंबर को मोरबे बांध 100 फीसदी भर गया था. लेकिन भले ही पिछले साल की तुलना में इस साल बांध में ज्यादा बारिश हुई हो, लेकिन पिछले साल बांध में पानी का भंडारण ज्यादा था. इस वर्ष भीषण गर्मी और पानी की आवश्यकता के कारण बांध का स्तर और नीचे चला गया था.

इसलिए पिछले साल की तुलना में इस साल भले ही आज अधिक बारिश हुई हो, लेकिन बांध में पानी का भंडारण कम है. लेकिन अगर अगले कुछ दिनों तक लगातार बारिश होती रही तो जल्द ही बांध 100 फीसदी भर जाएगा, ऐसी जानकारी मनपा के जलप्रदाय विभाग ने दी है.

# दूषित पानी से गांव वालों में आक्रोश



- **ग्राम पंचायत कार्यालय में कचरा फेंक कर जताया विरोध**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पूर्णा ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा अधूरे पड़े नाले व नालियों का निर्माण बारिश के पहले नहीं कराए जाने से नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है.स्थानीय निवासी स्वप्निल वाफेकर ने पिछले एक वर्षो से ग्राम पंचायत प्रशासन सहित सरपंच वैशाली पाटिल को मौखिक व लिखित रूप से निवेदन पत्र देकर अवगत कराया लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासन गंभीर समस्या को अनदेखा किया गया. मूसलाधार बरसात में नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने से नाराज स्वप्निल वाफेकर ने ग्राम पंचायत कार्यालय में कचरा फेंक कर अपना विरोध दर्ज कराया. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आगामी 10 दिनों में नालियों का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो ग्राम पंचायत और सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का बैनर गांव की नुक्कड़ व नालियों पर लगाए जाएंगे.विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामसेवक और उपसरपंच, सदस्य ग्राम पंचायत कार्यालय में मौजूद थे.

## आम सूचना

मैं श्री रोहित लखमीचंद बुधराणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि 202, सदाशिव अपार्टमेंट, बेवस चौक, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 16एआय018240000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कंचन लखमीचंद बुधराणी व कुमारी सपना लखमीचंद बुधराणी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 21.7.2024 सी.नं. 22/703 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रोहित लखमीचंद बुधराणी**

## आम सूचना

मैं श्री श्यालाल कुंगुमल गुरबानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 414, चौथा माला, लक्ष्मी अपार्टमेंट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एआय014853200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती राजकुमारी चंदीराम मंगानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.6.1995 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री श्यालाल कुंगुमल गुरबानी**

# 'सन ऑफ सरदार-2' से नहीं निकाले गए संजय दत्त



- **रवि किशन से रिप्लेसमेंट की खबरें अफवाह**

साल 2012 की फिल्म सन ऑफ सरदार जबरदस्त हिट रही थी, जिसमें अजय देवगन, संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में थे। अब जल्द ही इसकी सीक्वल फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू की जाने वाली है, हालांकि रिपोर्ट्स थीं कि शूटिंग शुरू होने से चंद दिनों पहले ही संजय दत्त को फिल्म से निकाल दिया गया है। इसकी वजह उनका UK वीजा रिजेक्ट होना बताई जा रही थी। हालांकि दैनिक भास्कर के सूत्रों ने कन्फर्म किया है कि संजय दत्त की रवि किशन से रिप्लेसमेंट की खबरें अफवाह हैं।

सन ऑफ सरदार 2 की मेकिंग से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया है कि संजय दत्त को फिल्म से नहीं निकाला गया है। वो अब भी फिल्म का हिस्सा हैं, वो सिर्फ भारत में ही अपने हिस्से की शूटिंग कर रहे हैं।

हाल ही में आई मिड डे की रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया था कि 1993 के बम ब्लास्ट में अरेस्ट होने के बाद से ही संजय दत्त कई बार UK वीजा के लिए अप्लाई कर चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी वीजा रिक्वेस्ट रिजेक्ट कर दी जाती है। सन ऑफ सरदार का फर्स्ट शूटिंग शेड्यूल UK का रखा गया है। जैसे ही फिल्म की टीम को पता चला कि संजय दत्त की वीजा रिक्वेस्ट रिजेक्ट हुई है, तो टीम ने संजय को रवि किशन से रिप्लेस कर दिया है।

अजय देवगन ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। उन्होंने कुछ बिहाइंड द सीन वीडियोज शेयर कर लिखा- 'सन ऑफ सरदार 2 की जर्नी को आशीर्वाद, प्रार्थना और अमेजिंग टीम के साथ शुरू किया जा रहा है।'




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099